सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

HIMALAYAN FOREST RESEARCH INSTITUTE

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्

(Indian Council of Forestry Research & Education)

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्तनिकाय)

(An Autonomous Body of the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Government of India)

संख्याः 5-1(26) 2022/एचएफआरआई/ दिनांक : सितंबर, 2022

रिपोर्ट

हिमालयन वन अनुसंधान, शिमला द्वारा दिनांक 14.09.2022 को ‘‘हिंदी दिवस’’ मनाया गया जिसमें निदेशक (प्रभारी) डॉ0 संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में शोध कार्यों को आम जनमानस तक पहुँचाने में हिंदी की उपयोगिता के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होनें शोध कार्यों को हिंदी में प्रकाशित करने पर ज़ोर दिया एवं संस्थान में हिंदी के अभूतपूर्व विकास हेतु समस्त कर्मचारी व अधिकारी वर्ग का आभार व्यक्त किया ।

तत्पश्चात, संस्थान के सहायक निदेशक राजभाषा (लिंक) डॉ0 बालकृष्ण तिवारी द्वारा हिंदी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई और दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक संस्थान में आयोजित होने वाले हिंदी पखवाड़े की रुपरेखा प्रस्तुत की गई । इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, हिंदी टंकण, शब्द ज्ञान, टिप्पण प्रारुप लेखन एवं स्वरचित काव्य पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतिस्पर्धाओं में संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारी एवं शोधार्थी भाग लेंगें।

सहायक निदेशक, राजभाषा (लिंक)
हिमालयन वन अनुसंधान, शिमला